58

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
<u>सकारण आदेश</u>

संवेदक M/S Sahishnu Construction Pvt. Ltd.(Regd. No-1240340), C/O-Sri Aniket Sharma, Vill-Morpart, Ghoswari Tola East, Mokama, Dist-Patna, Pin-803302 द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नवगछिया के अधीन एम0जी0एस0वाई0 योजनान्तर्गत आमंत्रित निविदा (टेन्डर आई0डी0–140541) में भाग लिया गया।

उक्त निविदा में संवेदक द्वारा जिस कार्य से संबंधित अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित किया गया, उक्त अनुभव प्रमाण पत्र के जांचोपरांत पाया गया कि प्रश्नगत कार्य किसी अन्य संवेदक मेसर्स नवल किशोर राय द्वारा पुर्ण किया गया है न कि संवेदक M/S Sahishnu Construction Pvt. Ltd. द्वारा।

तदालोक में तकनीकी बीड समिति की बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक 3445 दिनांक 07.07.2025 द्वारा संवेदक को उक्त निविदा में अयोग्य घोषित करते हुए गै0स0प्रे0सं0 243 अनु0 दिनांक 22.08.2025 द्वारा संवेदक M/S Sahishnu Construction Pvt. Ltd. के विरूद्ध बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के आलोक में कार्रवाई किये जाने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया।

प्राप्त अनुशंसा के आलोक में संवेदक के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने से पूर्व विभागीय पत्रांक 9429 अनु0 दिनांक 01.09.2025 द्वारा संवेदक से कारणपृच्छा की गई।

संवेदक द्वारा दिनांक 15.09.2025 को अपना स्पष्टीकरण समर्पित करते हुए प्रतिवेदित किया गया कि साइबर कैफे के कर्मचारी द्वारा अनजाने में गलत अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड कर दिया गया है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में संवेदक M/S Sahishnu Construction Pvt. Ltd.(Regd. No-1240340, PAN-ABBCS0052K) द्वारा कार्य प्रमंडल, नवगछिया के अधीन निविदा (टेन्डर आई0डी0–140541) में फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित करने के कारण बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) की उपकंडिका (ix) एवं 11(ख)(ii) में निहित प्रावधान के आलोक में संवेदक को 02(दो) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

26.09.25
(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक:– 14/अ0प्र0–14–268/2025 10431 /पटना, दिनांक:– 26/9/25

प्रतिलिपि:–अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26.09.25
अभियंता प्रमुख

P.T.O.

ज्ञापांकः–14 / अ0प्र0–14–268 / 2025 10431 / पटना, दिनांकः–26/9/25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / योजना एवं विकास विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास एवं आवास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26.09.25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14 / अ0प्र0–14–268 / 2025 10431 / पटना, दिनांकः–26/9/25

निबंधित

प्रतिलिपिः– M/S Sahishnu Construction Pvt. Ltd.(Regd. No-1240340), C/O-Sri Aniket Sharma, Vill-Morpart, Ghoswari Tola East, Mokama, Dist-Patna, Pin-803302 को सूचनार्थ प्रेषित।

26.09.25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः– 14 / अ0प्र0–14–268 / 2025 10431 / पटना, दिनांकः–26/9/25

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26.09.25

अभियंता प्रमुख